ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 3 अंक 21


## बड़ा सियासी भूचाल, भगवा रंग में रंगे चड्ढा, आप-के 7 भी गए साथ, संसद से पंजाब तक बदलेगा समीकरण



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली/चंडीगढ़, 24 अप्रैल। राष्ट्रीय राजनीति में शुक्रवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों ने एक साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इस कदम ने न सिर्फ संसद के भीतर समीकरण बदल दिए, बल्कि पंजाब की राजनीति में भी हलचल तेज कर दी है, जहां 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं। पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शाम चार बजे आयोजित पत्रकार वार्ता में इस फैसले का ऐलान करते हुए बताया कि यह कदम पार्टी के भीतर व्यापक विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। उनके साथ संदीप पाठक, अशोक कुमार मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता भी इस निर्णय में शामिल हैं। इनमें से राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचकर औपचारिक रूप से सदस्यता ग्रहण कर ली, जबकि अन्य सांसदों के शामिल होने की प्रक्रिया जारी बताई गई। राघव चड्ढा ने अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि पार्टी के दो-तिहाई सांसद इस निर्णय के साथ हैं, इसलिए दलबदल विरोधी कानून लागू नहीं होगा। उन्होंने संकेत दिए कि वे संवैधानिक प्रावधानों के तहत भाजपा में विलय की प्रक्रिया अपनाएंगे। चड्ढा ने यह भी कहा कि पिछले कुछ समय से उन्हें महसूस हो रहा था कि वे "गलत पार्टी में सही व्यक्ति" हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह कदम अचानक नहीं है, बल्कि पिछले दो वर्षों से इसके संकेत मिल रहे थे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान और उसके बाद कई मौकों पर राघव चड्ढा पार्टी लाइन से अलग नजर आए। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी की करारी हार के बाद भी उनकी चुप्पी चर्चा का विषय बनी रही। इतना ही नहीं, उन्होंने धीरे-धीरे अपने सार्वजनिक मंचों और सामाजिक माध्यमों से पार्टी की पहचान को भी कम करना शुरू कर दिया था। इस घटनाक्रम के बीच प्रवर्तन निदेशालय द्वारा हाल ही में अशोक मित्तल से जुड़े ठिकानों पर की गई कार्रवाई ने भी राजनीतिक चर्चाओं को तेज किया। हालांकि इस पर कोई आधिकारिक संबंध स्थापित नहीं किया गया है, लेकिन विपक्षी दल इसे बड़े सियासी समीकरण से जोड़कर देख रहे हैं। उधर, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस पूरे घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे "जनादेश के साथ विश्वासघात" करार दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी विचारधारा की पार्टी है और कुछ लोगों के जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मान ने आरोप लगाया कि यह सब दबाव और एजेंसियों के इस्तेमाल के जरिए कराया गया है, हालांकि भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। इस घटनाक्रम ने संसद में संख्या संतुलन पर भी असर डालने के संकेत दिए हैं। राज्यसभा में भाजपा की ताकत और बढ़ सकती है, जिससे आने वाले विधायी कार्यों को आगे बढ़ाने में उसे और मजबूती मिलेगी। वहीं पंजाब में यह बदलाव आम आदमी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे और चुनावी रणनीति के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर सकता है। राजनीतिक गलियारों में अब नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या यह सिलसिला यहीं थमेगा या आने वाले दिनों में और भी बड़े नाम पाला बदल सकते हैं। फिलहाल, इस घटनाक्रम ने देश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है—क्या यह वैचारिक बदलाव है या सत्ता समीकरणों का नया खेल।

## राजस्थान में बढ़ सकती हैं विधानसभा सीटें, परिसीमन पर देवनानी ने दिए 70 सीटें बढ़ने के संकेत

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर, 24 अप्रैल। राजस्थान की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत देते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने परिसीमन को लेकर अहम बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 के बाद देश में न तो जनगणना हुई है और न ही विधानसभा सीटों का पुनर्निर्धारण किया गया है, ऐसे में अब परिसीमन की प्रक्रिया जल्द शुरू होना आवश्यक है।

उदयपुर दौरे पर आए देवनानी ने कहा कि परिसीमन के बाद राजस्थान में विधानसभा सीटों का पूरा गणित बदल सकता है। उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले समय में राज्य में विधायकों की संख्या 200 से बढ़कर लगभग 270 तक हो सकती है। इसी संभावित बदलाव को ध्यान में रखते हुए जयपुर स्थित विधानसभा भवन में अभी से व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं।

देवनानी ने मीडिया को बताया कि विधानसभा भवन की चौथी मंजिल पर एक बड़ा सभागार तैयार किया जा रहा है, जिसमें लगभग 280 विधायकों के बैठने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा संसद की तर्ज पर एक केंद्रीय सभा कक्ष बनाने की योजना भी प्रगति पर है, जिससे विधायी कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

देवनानी ने जानकारी दी कि 5 मई को जयपुर में एक महत्वपूर्ण आयोजन आयोजित किया जाएगा, जिसमें सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष भाग लेंगे। इस दौरान विभिन्न विधानसभा समितियों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही विधानसभा परिसर में विकसित हर्बल वाटिका और नक्षत्र वाटिका का लोकार्पण भी किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा परिसर में बने संग्रहालय को अब तक 50 हजार से अधिक लोग देख चुके हैं, जो इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर देवनानी ने स्पष्ट कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी चाहती हैं और उन्हें उनका अधिकार मिलना चाहिए। इस विषय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, बल्कि सभी को एकजुट होकर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना चाहिए।

## 7 महीने प्रेग्नेंट नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत:सुप्रीम कोर्ट बोला- यह महिला की इच्छा का सवाल, उसे डिलीवरी के लिए मजबूर नहीं कर सकते




24 न्यूज अपडेट


सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सात महीने से ज्यादा की प्रेग्नेंट 15 साल की लड़की को मेडिकल टर्मिनेशन (अबॉर्शन) की इजाजत दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा-

यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं है। जरूरी यह है कि लड़की क्या चाहती है। अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। भले ही बच्चे को जन्म के बाद गोद देने का ऑप्शन मौजूद हो।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि इस स्टेज पर अबॉर्शन करना मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने डिलीवरी के बाद बच्चा गोद देने का सुझाव दिया था। कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया।

लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ आपसी सहमति से संबंध के बाद प्रेग्नेंट हुई थी। नाबालिग की मां ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट (MPT Act) में तय समयसीमा से आगे जाकर बेटी के अबॉर्शन की इजाजत मांगी थी। लड़की ने भी कहा था कि वह प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती।

## मेहंदीपुर बालाजी जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत, बांदीकुई स्टेशन का हो रहा कायाकल्प



24 न्यूज अपडेट

दौसा, 24 अप्रैल। मेहंदीपुर बालाजी धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब यात्रा और अधिक आसान और सुविधाजनक होने जा रही है। दौसा जिले के बांदीकुई रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और आवागमन में काफी सुधार होगा। 1874 में स्थापित बांदीकुई राजस्थान की एक महत्वपूर्ण रेल नगरी है, जो जयपुर, दिल्ली सहित राज्य के कई प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ने वाला अहम जंक्शन है। यहां विश्वप्रसिद्ध मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के अलावा 9वीं शताब्दी की चांद बावड़ी, हर्षत माता मंदिर, ऐतिहासिक सेंट फ्रांसिस रोमन कैथोलिक चर्च और भंडारेज किला जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल स्थित हैं। यह क्षेत्र पारंपरिक कला, शिल्प, संस्कृति और कृषि व्यापार के लिए भी जाना जाता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 24 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से बांदीकुई स्टेशन का चरणबद्ध तरीके से पुनर्विकास किया जा रहा है। इस योजना के तहत स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देते हुए यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत स्टेशन पर चौड़े और आकर्षक प्रवेश द्वार, बेहतर रोशनी, सुगम आवागमन के लिए चौड़ी सड़कें, वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था तथा ड्रॉप और पिकअप सुविधा विकसित की जा रही है। साथ ही जल निकासी व्यवस्था में सुधार किया गया है। यात्रियों को बेहतर जानकारी देने के लिए उन्नत सूचना प्रणाली, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड और कोच इंडिकेशन जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। स्टेशन पर ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए कम बिजली खपत वाली एलईडी लाइटें लगाई जा रही हैं। इसके अलावा वातानुकूलित प्रतीक्षालय, टिकट वेंडिंग मशीन, उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल सुविधा और भोजनालय जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है, जिनमें रैंप, आरक्षित पार्किंग, कम ऊंचाई वाले काउंटर, दिव्यांग अनुकूल शौचालय, ब्रेल लिपि में संकेतक और सहायता बूथ शामिल हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर लिफ्ट, चौड़ा फुट ओवरब्रिज और दोनों छोरों को जोड़ने वाली मार्ग व्यवस्था भी विकसित की जा रही है। यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे, सहायता केंद्र और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही स्टेशन परिसर में हरित क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं और स्थानीय जैव विविधता को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्टेशन के पुनर्विकास में स्थानीय कला और संस्कृति को भी विशेष स्थान दिया गया है। परिसर में मिट्टी के भित्ति चित्र, पेंटिंग और पारंपरिक शिल्प को शामिल कर क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को प्रदर्शित किया जा रहा है। बांदीकुई स्टेशन के पुनर्निर्माण और सौंदर्यकरण का कार्य अंतिम चरण में है। इस परियोजना से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन और व्यापार को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा।

## सीक्रेट ऑपरेशन पर सट्टा: अमेरिकी स्पेशल फोर्स के सैनिक की गिरफ्तारी, करोड़ों की कमाई का आरोप



24 न्यूज अपडेट

वॉशिंगटन, 24 अप्रैल। अमेरिका की स्पेशल फोर्स से जुड़े एक सैनिक मास्टर सार्जेंट गैनन केन वैन डाइक को गुप्त सैन्य ऑपरेशन की जानकारी का दुरुपयोग कर सट्टा लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने वेनेजुएला के राष्ट्रपति Nicol▪s Maduro को पकड़ने से जुड़े ऑपरेशन पर दांव लगाकर करीब 4.09 लाख डॉलर (लगभग 4 करोड़ रुपये) कमा लिए। वैन डाइक अमेरिकी सेना की स्पेशल फोर्स "ग्रीन बैरे" का हिस्सा था, जो संवेदनशील और गुप्त अभियानों के लिए जानी जाती है। इसी यूनिट द्वारा वेनेजुएला में की गई कार्रवाई की अंदरूनी जानकारी होने के कारण उसे ऑपरेशन के परिणाम का पहले से अंदेशा था। इसी आधार पर उसने प्रिडिक्शन मार्केट प्लेटफॉर्म Polymarket पर कई दांव लगाए, जो बाद में सही साबित हुए। जांच एजेंसियों के अनुसार वैन डाइक ने दिसंबर के अंत में प्लेटफॉर्म पर अकाउंट बनाकर कुल 13 बार लगभग 32 हजार डॉलर का निवेश किया। उसने मादुरो के सत्ता से हटने और अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के समय जैसे संभावित परिदृश्यों पर दांव लगाए थे। ऑपरेशन सफल होने के बाद उसे भारी मुनाफा हुआ, लेकिन संदिग्ध पैटर्न के चलते एजेंसियों की नजर उस पर पड़ गई। रकम को छिपाने के लिए आरोपी ने क्रिप्टोकरेंसी का सहारा लिया। उसने पहले पैसे को एक विदेशी क्रिप्टो वॉलेट में ट्रांसफर किया, फिर अपने निजी अकाउंट में भेजा और बाद में एक नए ब्रोकरेज अकाउंट में डाल दिया। जब मामले की जांच शुरू हुई तो उसने अपना अकाउंट डिलीट करने की कोशिश की और झूठा दावा किया कि उसे ईमेल एक्सेस नहीं है, लेकिन तब तक जांच एजेंसियां सक्रिय हो चुकी थीं। प्लेटफॉर्म Polymarket ने भी इस गतिविधि को नीति के खिलाफ बताते हुए खुद ही मामला अमेरिकी न्याय विभाग को सौंप दिया और जांच में सहयोग किया। अधिकारियों के अनुसार वैन डाइक पर सीक्रेट सरकारी जानकारी के दुरुपयोग, वायर फ्रॉड, कमोडिटी फ्रॉड और गैरकानूनी वित्तीय लेनदेन सहित चार गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनमें दोषी पाए जाने पर उसे लंबी जेल सजा हो सकती है। यह मामला इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि पहली बार किसी सैन्य अधिकारी पर प्रिडिक्शन मार्केट के जरिए अंदरूनी जानकारी से पैसा कमाने का आरोप सामने आया है। इसी को देखते हुए White House ने अपने कर्मचारियों को पहले ही ऐसे प्लेटफॉर्म से दूर रहने की चेतावनी दी थी।

## सोना 420 महंगा होकर 1.51 लाख पर पहुंचा:चांदी 3,229 बढ़कर 2.44 लाख पर आई, इस साल सोना 18 हजार महंगा हुआ



24 न्यूज अपडेट

सोना-चांदी में आज यानी 24 अप्रैल को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 420 रुपए महंगा होकर 1,51,479 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले 23 अप्रैल को इसकी कीमत 1,51,059 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं एक किलो चांदी 3,229 रुपए महंगी होकर 2,40,596 रुपए पर आ गई है। इससे पहले गुरुवार को इसकी कीमत 2,40,596 रुपए प्रति किलो थी।


## सेंसेक्स 1000 अंक गिरकर 76,664 पर बंद:निफ्टी 275 अंक नीचे 23,898 पर आया; आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली




24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार 24 अप्रैल को सेंसेक्स 1000 अंक (1.29%) की गिरावट के साथ 76,664 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 275 अंक (1.14%) गिरकर 23,898 के स्तर पर आ गया। आज के कारोबार में आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही।

## अडाणी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा 34% बढ़ा:चौथी तिमाही में यह 514 करोड़ रहा; साल भर में रिकॉर्ड 5.1 GW क्षमता जोड़ी




24 न्यूज अपडेट

अडाणी ग्रीन एनर्जी का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 34% बढ़कर 514 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल इसी तिमाही में यह 383 करोड़ रुपए था। वहीं तिमाही आधार पर मुनाफा 100 गुना से ज्यादा बढ़ा है। दिसंबर 2025 तिमाही में कंपनी का मुनाफा 5 करोड़ रुपए था। कंपनी ने 24 अप्रैल को नतीजें जारी किए हैं।

वहीं सालाना आधार पर (YoY) कंपनी का रेवेन्यू 16% बढ़ा है। पिछले साल इसी तिमाही में यह 2,666 करोड़ था, जो अब बढ़कर 3,094 करोड़ हो गया है। तिमाही आधार पर रेवेन्यू 25% से ज्यादा बढ़ा है। दिसंबर तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 2420 करोड़ रुपए रहा था।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें - desk24newsupdate@gmail.com**

## संपादकीय : मताधिकार का प्रश्न

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को जिस तरह करीब बानबे फीसद मतदान की खबर आई है, उससे साफ है कि इस बार वहां की जनता ने अपने मताधिकार को लेकर अपेक्षया ज्यादा सजगता दिखाई है। इसका एक कारण एसआइआर की प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची में मौजूद लोगों का अपने मताधिकार को लेकर पहले से ज्यादा सतर्क होना भी हो सकता है। हालांकि अभी दूसरे चरण का मतदान बाकी है और आखिरी तस्वीर नतीजों के बाद साफ होगी, लेकिन राज्य में बड़ी संख्या में लोगों के वोट डालने से वंचित रह जाने को लेकर जैसे सवाल उठ रहे हैं, उनका जवाब सामने आना देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को बचाए रखने के लिए जरूरी है। आखिर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया के बाद जितने लोगों को मतदान के लिए अपात्र मान लिया गया और जो अपीलीय प्राधिकरण के सामने गुहार लगाने के बावजूद वोट देने से वंचित रह गए, उनके नागरिक और संवैधानिक अधिकारों को अब किस कसौटी पर रखा जाएगा! गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में एसआइआर की प्रक्रिया के बाद अब तक करीब सत्ताईस लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि जिन लोगों की अपील अपीलीय प्राधिकरणों में स्वीकार कर ली जाती है, उनके लिए पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि अनुमति मिलने पर वे मतदान कर सकें। शीर्ष अदालत के निर्देश के बाद यह उम्मीद जगी थी कि जो लोग मतदाता सूची से बाहर हो गए थे, उनके सामने भी अब वोट डाल सकने का एक विकल्प होगा और इस तरह सूची से बाहर होने के बाद की जटिलताओं से उनके बच सकने की गुंजाइश तैयार होगी। मगर बुधवार को आई खबर के मुताबिक मतदाता सूची से बाहर किए गए सत्ताईस लाख लोगों के आवेदनों में से सिर्फ 650 पर विचार किया गया और महज 139 को वोट देने की इजाजत मिली। अंदाजा लगाया जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मद्देनजर प्राधिकरण में जिस तरह अपीलों की सुनवाई की व्यवस्था हुई, उसका उद्देश्य शायद सिर्फ औपचारिकता पूरा करना था। इस कवायद के बावजूद एसआईआर की वजह से बड़ी संख्या में जो लोग मतदान करने से वंचित रह गए, उनके बारे में अब कानूनी स्थिति क्या होगी ? फिर जिन लोगों को अभी मतदाता सूची में जगह मिलने के लिए अपात्र माना गया, बाद में किन्हीं कसौटी पर उन्हें सही बताया जाएगा, उनके मौजूदा चुनाव में मतदान न कर पाने के लिए क्या किसी की जवाबदेही तय की जाएगी? इसमें कोई दोराय नहीं कि वास्तव में अपात्र लोगों को मतदाता सूची में जगह नहीं मिलनी चाहिए। मगर एसआइआर के बाद भारी संख्या में लोगों के मताधिकार छिन जाने से यह सवाल उठा है कि क्या अब तक ये सभी लोग अवैध तरीके से वोट डालते और प्रतिनिधि चुनते रहे वह बेवजह नहीं है। कि विपक्षी दलों की ओर से निर्वाचन आयोग पर एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर गैरजरूरी हड़बड़ी दिखाने और नाहक ही लाखों को लोगों को मताधिकार से वंचित करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह समझना मुश्किल है कि चुनाव आयोग को ठीक उस वक्त एसआइआर कराने की जरूरत क्यों महसूस हुई, जब सिर पर चुनाव थे और मतदान के लिए अपात्र ठहराए गए लोगों को अपनी पात्रता साबित करने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला ।

## अपराध का दायरा

दिल्ली में एक अधिकारी की बेटी से बलात्कार और फिर उसकी हत्या की खबर ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था से लेकर आपराधिक विकृतियों में बढ़ोतरी को लेकर गहरी चिंता पैदा की है। राजधानी के एक संभ्रांत इलाके में बुधवार की सुबह पीड़िता के माता-पिता किसी काम से निकलते समय घर का ताला लगाने के बाद चाबियां बाहर एक निश्चित जगह पर रख कर चले गए थे, ताकि नया घरेलू सहायक आकर अपना काम निपटा सके। मगर इस बात की जानकारी रखने वाला उनका पुराना घरेलू सहायक घर में घुस गया। आरोपी ने न केवल अधिकारी के घर में लूटपाट की, बल्कि उनकी बेटी की हत्या भी कर दी। अधिकारी ने किसी परिचित के कहने पर करीब साल भर पहले उसे काम पर रखा था। मगर आनलाइन गेम में जुए की लत और आसपास के कुछ अन्य लोगों से उधार लेने तथा फिर न लौटाने की शिकायतें मिलने पर डेढ़ महीने पहले उसे काम से निकाल दिया था। हालांकि आरोपी की लत और स्वभाव की वजह से उसे निकालने के बावजूद थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए थी, मगर अधिकारी की सहजता की वजह से आरोपी को वारदात को अंजाम देने का मौका मिल गया। यह सही है कि गलत प्रवृत्ति का शिकार होने की वजह से आरोपी आनलाइन गेम और जुए के जंजाल में उलझ गया था, मगर एक संभ्रांत इलाके में सुरक्षा की सभी दीवारों को पार कर और पुलिस की कार्रवाई से बेखौफ अगर उसने एक जघन्य अपराध किया, तो इससे उसके भीतर की आपराधिक मानसिकता और विकृतियों का भी पता चलता है। एक समस्या यह भी है कि कई बार लोग घरेलू सहायकों को काम पर रखते समय उसके बारे में पर्याप्त जानकारी हासिल करने और पुलिस से उसका सत्यापन कराने के पहलू को टालते हैं। अपराधी मानसिकता के लोग इसी कोताही या फिर भरोसे का फायदा उठाते हैं। दरअसल, दिल्ली में जघन्य अपराध करने के आरोपी ने इससे पहले राजस्थान के अलवर जिले में भी एक विवाहिता से बलात्कार किया था। पीड़ित महिला ने थाने में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी। अगर समय रहते पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ठोस कार्रवाई की होती और उसे गिरफ्तार करती तो वह दिल्ली की घटना को अंजाम नहीं दे पाता।

# हिरणमगरी में सनकी आशिक का 'डिजिटल आतंक', युवती की शादी से पहले फर्जी आईडी से बदनाम करने की साजिश




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने बार—बार परेशान करने वाले युवक को शादी से इनकार किया तो आरोपी ने उसका जीना मुहाल कर दिया। हद तो तब हो गई जब आरोपी ने सोशल मीडिया को हथियार बनाते हुए युवती के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी एडिटेड तस्वीरें वायरल कर दीं और बदनाम करने की साजिश रच डाली।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामला पानेरियों की मादड़ी क्षेत्र का है।

आरोपी लंबे समय से युवती का पीछा कर रहा था और उस पर जबरन शादी का दबाव बना रहा था। उसकी मां को भी परेशान कर रहा है। उन पर भी पुत्री की शादी उससे करवाने का दबाव डाल रहा हैं जब युवती ने साफ इनकार किया, तो आरोपी बौखला गया और उसने धमकियों का सिलसिला शुरू कर दिया। पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने, तेजाब फेंकने और सड़क हादसा कराने जैसी गंभीर धमकियां दी गईं। एफआईआर के अनुसार, आरोपी ने कई बार फोन कर पीड़िता और उसकी विधवा मां को डराया-धमकाया। यहां तक कि रास्ता रोककर जबरन शादी के लिए दबाव बनाया और मना करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने 26 मार्च को युवती के नाम से दो फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर उसमें उसकी एडिटेड तस्वीरें पोस्ट कर दीं। इन अकाउंट्स के जरिए अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री वायरल करने की धमकी दी जा रही थी, जिससे पीड़िता और उसका परिवार मानसिक तनाव में आ गया।

सूत्रों के मुताबिक, युवती की शादी 30 अप्रैल को अन्य स्थान पर तय है, जिसकी जानकारी मिलते ही आरोपी और अधिक आक्रामक हो गया। वह रास्ता रोककर दबाव बनाने और लगातार डराने-धमकाने लगा।

मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 75(2), 78(2), 308(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान सुनील मेनारिया के रूप में हुई है। इस बारे में थानाधिकारी रविन्द्र सिंह के निर्देश पर एफआईआर की जांच सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) सुरेश कुमार को सौंपी गई है, जो पूरे घटनाक्रम की गहन पड़ताल में जुटे हैं। पुलिस का कहना है कि युवती की पहचान को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है और उसकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। पुलिस अब आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# शादी समारोह में हादसाः स्वागत द्वार गिरने से 4 बच्चे घायल, अस्पताल में भर्ती



**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर। जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के गोरादा गांव में एक शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जहां स्वागत द्वार गिरने से चार बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, बच्चे स्वागत द्वार के पास खड़े थे, तभी एक बस पीछे की ओर आ रही थी। बस का पिछला हिस्सा स्वागत द्वार से टकरा गया, जिससे द्वार अचानक गिर पड़ा। इसके नीचे खड़े बच्चे उसकी चपेट में आ गए और घायल हो गए। घायल बच्चों में निलेश, अमित, अविनाश और अनिल शामिल हैं। निलेश के पिता बंशीलाल खराड़ी ने बताया कि निलेश अपने तीन चचेरे भाइयों के साथ शादी समारोह में गया हुआ था। हादसे में चार में से तीन बच्चों के सिर पर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद घायलों को निजी वाहन से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।

# यूडी टैक्स कार्रवाई के खिलाफ व्यापारियों में रोष, शान्ता प्रिंस ने नेता प्रतिपक्ष को बताई पीड़ा



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। प्रदेश में यूडी टैक्स को लेकर चल रही कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों की आवाज तेज होती जा रही है। इस संबंध में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक शान्ता प्रिंस ने राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री टीका राम जूली से मिल कर पत्र सौंपा व समस्याएं बताईं। पत्र में शान्ता प्रिंस ने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 से चलाए जा रहे अभियान के तहत व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को लगातार सीज़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 से अब तक के करीब 17 वर्षों का बकाया टैक्स एकमुश्त वसूला जा रहा है, जो व्यापारियों के लिए अत्यंत भारी और असंभव बोझ साबित हो रहा है। इतनी बड़ी राशि एक साथ जमा करना अधिकांश व्यापारियों के लिए संभव नहीं है, जिसके चलते नगर निकायों द्वारा उनके व्यापारिक संस्थानों को सीज़ किया जा रहा है। इसे उन्होंने व्यापारियों के साथ अन्याय और अत्याचार करार दिया। साथ ही आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान कई बार अधिकारियों द्वारा व्यापारियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है और उनके सामान को भी नुकसान पहुंचता है। शान्ता प्रिंस ने अपने पत्र में सरकार से कई महत्वपूर्ण सवाल भी उठाए। उन्होंने पूछा कि वर्ष 2007 से अब तक क्या राजस्थान सरकार में राजस्व विभाग सक्रिय नहीं था? क्या नगर निकायों में बोर्ड और आयुक्त (कमिश्नर) नहीं थे? और क्या समय पर टैक्स वसूली करना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी नहीं थी? उन्होंने कहा कि यदि पूर्व वर्षों में टैक्स वसूली में लापरवाही हुई है, तो उसकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, न कि वर्तमान में व्यापार कर रहे लोगों पर एकमुश्त भार डाल दिया जाए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इन कार्रवाइयों के कारण बड़ी संख्या में व्यापारी और उनसे जुड़े श्रमिक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कई परिवारों के लिए रोजमर्रा का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है और बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। अंत में शान्ता प्रिंस ने नेता प्रतिपक्ष से मांग की कि इस गंभीर मुद्दे को विधानसभा में मजबूती से उठाया जाए और व्यापारियों तथा प्रभावित श्रमिकों को राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# उदयपुरः JEE (Advanced) 2026 रजिस्ट्रेशन में आई दिक्कत तो मिलेगी ऑनलाइन मदद



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 24 अप्रैल। JEE (Advanced) 2026 के रजिस्ट्रेशन को लेकर छात्रों के लिए बड़ी राहत की खबर है। आधिकारिक वेबसाइट पर जारी नई अपडेट के अनुसार, अब फॉर्म भरने में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए विशेष ऑनलाइन सुविधा शुरू की गई है। जानकारी के अनुसार, जिन विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन के दौरान तकनीकी समस्या, दस्तावेज़ अपलोड में दिक्कत, भुगतान त्रुटि या लॉगिन से जुड़ी परेशानी आ रही है, वे वेबसाइट पर दिए गए "Registration Related Issues" सेक्शन में जाकर अपनी शिकायत या क्वेरी दर्ज कर सकते हैं। संबंधित समस्या का समाधान उसी पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही छात्रों की सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को समझाने वाली वीडियो गाइड भी वेबसाइट पर अपलोड की गई है, जो विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध है। इससे विद्यार्थी स्टेप-बाय-स्टेप पूरी प्रक्रिया आसानी से समझ सकेंगे। शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. शैलेन्द्र सोमानी ने छात्रों को सलाह दी है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द से जल्द आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में घबराने के बजाय पोर्टल पर उपलब्ध सहायता का उपयोग करें। उन्होंने विद्यार्थियों से सतर्कता, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ तैयारी जारी रखने की अपील करते हुए कहा कि सही समय पर उठाया गया कदम ही सफलता की दिशा तय करता है।

# उदयपुर टीम का ऐलान, राज्य पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए बीकानेर रवाना



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 24 अप्रैल। उदयपुर से 25 से 27 अप्रैल 2026 तक बीकानेर में आयोजित होने वाली 45वीं राजस्थान राज्य जूनियर एवं मास्टर तथा 23वीं राज्य सब जूनियर इक्युप्ड पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए उदयपुर टीम की घोषणा कर दी गई है। जिला पावरलिफ्टिंग संघ उदयपुर के सचिव विनोद साहू ने बताया कि जूनियर पुरुष टीम की कमान जयेश कामोया संभालेंगे, जबकि सब जूनियर टीम का नेतृत्व रूपेश बरांडा करेंगे। महिला टीम की कप्तान मानसी रावत होंगी।

**टीम इस प्रकार हैः**

जूनियर पुरुष टीमः जयेश कामोया (कप्तान), मितांशु सेन, युवराज सिंह, लक्षित नेनावा, पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, चित्रांश घनचाल, लक्षित कुमावत, प्रियांशु सालवी। जूनियर महिला टीमः मानसी रावत (कप्तान), मीमांसा जोशी, हंसिका कामोया।

**सब जूनियर बालक वर्गः रूपेश बरांडा (कप्तान),**
**मानव सोनी, दिव्यांश साहू, भव्य अग्रवाल।**
**सब जूनियर महिला वर्गः हंसिका कामोया, धानी साहू, माही।**
**मास्टर वर्गः सोहन नलवाया, जितेंद्र राजपुरोहित।**

टीम मैनेजर की जिम्मेदारी विनोद साहू संभालेंगे। पुरुष टीम के कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव साहू, जबकि महिला टीम की कोच राष्ट्रीय चैंपियन नीलम डांगी होंगी। उदयपुर टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बीकानेर के लिए रवाना हो चुकी है। खिलाड़ियों को राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली, सचिव देवेंद्र साहू, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चंद्रेश सोनी, भूपेंद्र व्यास, पूर्व जिला खेल अधिकारी गिरधारी सिंह चौहान एवं अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# उदयपुर की कामिनी गुर्जर बनीं राष्ट्रीय अध्यक्ष



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 23 अप्रैल। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के निर्देशानुसार श्रीमती कामिनी गुर्जर को अखिल भारतीय गुर्जर महिला महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तीन वर्षों के लिए की गई है और तत्काल प्रभाव से लागू होगी। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरुषोत्तम पाटील की सहमति से हुई इस नियुक्ति पर समाज में खुशी का माहौल है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. बी. एस. रावत ने बधाई देते हुए कहा कि कामिनी गुर्जर के नेतृत्व में महिलाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष कामिनी गुर्जर ने कहा कि वे महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगी।

# सीजीएचएस वेलनेस सेंटर को हरी झंडी, उदयपुर में जल्द शुरू होने की उम्मीद

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। दक्षिण राजस्थान के लिए बड़ी सौगात के रूप में प्रस्तावित केंद्रीय कर्मचारी स्वास्थ्य योजना (CGHS) वेलनेस सेंटर को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। Mannalal Rawat के प्रयासों से केंद्र सरकार ने उदयपुर में शुरू होने वाले वेलनेस सेंटर के लिए आवश्यक पदों को स्वीकृति दे दी है। सांसद डॉ. रावत के अनुसार, Ministry of Health and Family Welfare द्वारा इस सेंटर के संचालन हेतु 1 मेडिकल ऑफिसर, 1 नर्सिंग ऑफिसर, 1 फार्मासिस्ट तथा 1 जूनियर हेल्थ एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट (जेएचएए) के पद मंजूर किए गए हैं। इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री J. P. Nadda ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए उदयपुर में CGHS आरोग्य केंद्र के संचालन और पदों के संवर्गीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की जानकारी दी है। सांसद डॉ. रावत ने इस स्वीकृति के लिए केंद्रीय मंत्री नड्डा का आभार जताते हुए वेलनेस सेंटर को शीघ्र शुरू करने का आग्रह किया है।

# उदयपुर सेंट्रल जेल में तलाशी के दौरान बंदियों का हमला, प्रहरी पर धारदार वार, कई घायल

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 24 अप्रैल। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र स्थित केन्द्रीय कारागृह में तलाशी अभियान के दौरान बंदियों द्वारा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना में एक प्रहरी गंभीर रूप से घायल हुआ, जबकि जेल स्टाफ के अन्य सदस्य भी चोटिल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, 23 अप्रैल को शाम करीब 4:15 बजे केन्द्रीय जेल में नियमित तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान कुछ बंदियों ने तलाशी का विरोध करते हुए अचानक आक्रामक रुख अपना लिया और स्टाफ पर हमला कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, दण्डित बंदी साहिल अली पुत्र अजीज अली ने बर्तन से बनाई गई धारदार पत्ती से प्रहरी शिवचरण सिंह के दाहिने हाथ पर करीब 2 से 3 इंच लंबा गहरा कट मार दिया, जिससे वह घायल हो गए। इसके अलावा उनके शरीर पर अन्य चोटें भी आई हैं। घटना में उपाधीक्षक बी.बी. मोहन मीणा, मुख्य प्रहरी योगेश कुमार, प्रहरी रोहिताश जाट और सांवरमल को भी हल्की चोटें आई हैं। हमले के दौरान जेल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थिति को नियंत्रित करने में अधिकारियों व कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बड़ी मुश्किल से सभी बंदियों को काबू में किया गया। मामले में आरोपी बंदियों में साहिल अली, जितेंद्र सिंह हुल्दानी उर्फ सुरेंद्र/जीतु, संजय कुमार उर्फ बचिया, विचाराधीन बंदी विक्रम कुमार जाट उर्फ राठौड़ और रामहरि के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना की रिपोर्ट उपकारापाल अचलाराम (54) निवासी खन्दरा, जिला सिरोही द्वारा दी गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 121(1) और 132 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) तेजसिंह को सौंपी गई है।

# डिस्कॉम चेयरपर्सन आरती डोगरा को राहत, एसीबी जांच पर हाईकोर्ट की रोक



**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर, 24 अप्रैल। राजस्थान हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने डिस्कॉम चेयरपर्सन आरती डोगरा को बड़ी राहत देते हुए सिंगल बेंच द्वारा दिए गए एसीबी जांच के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। यह राहत उन्हें आदेश जारी होने के महज 24 घंटे के भीतर मिल गई। डिवीजन बेंच में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस शुभा मेहता ने मामले की सुनवाई की। डिस्कॉम और आरती डोगरा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर एन माथुर ने पक्ष रखते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ पहले से तीन जांच लंबित हैं और यह मामला भ्रष्टाचार से संबंधित नहीं है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही सिंगल बेंच में जस्टिस रवि चिरानिया ने एसीबी जांच के आदेश दिए थे। यह आदेश सुपरिटेंडेंट इंजीनियर आर.के. मीणा की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया गया था। सिंगल बेंच ने टिप्पणी की थी कि चेयरपर्सन ने याचिकाकर्ता के मामले में जांच को जानबूझकर लंबित रखा, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका बनती है, और एसीबी को तीन माह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया था कि उसने वर्ष 2022-23 की डीपीसी को चुनौती देते हुए दिसंबर 2023 में याचिका दायर की थी। आरोप है कि याचिका दायर करने के बाद उसे अलग-अलग कारणों से तीन चार्जशीट दी गई, जिससे प्रमोशन प्रभावित हुआ। फिलहाल डिवीजन बेंच के अंतरिम आदेश के बाद एसीबी जांच पर रोक लग गई है और मामले की अगली सुनवाई का इंतजार किया जा रहा है।

# किशनपोल में भांग मिश्रित मुन्नका बेचने का मामला, 440 गोलियां बरामद

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भांग मिश्रित मुन्नका बेचने के आरोप में एक किराणा व्यापारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई 23 अप्रैल को की गई। जानकारी के मुताबिक, किशनपोल क्षेत्र स्थित एक किराना स्टोर पर पुलिस टीम पहुंची, जहां दुकान संचालक रोहित वादवानी से भांग मिश्रित सामग्री के संबंध में पूछताछ की गई। शुरुआत में उसने टालमटोल किया, लेकिन काउंटर पर रखी सामग्री की जांच करने पर भांग मिश्रित मुन्नका होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मौके पर रखी गोलियों की गिनती की, जिसमें कुल 440 गोलियां पाई गईं। जांच के दौरान पुलिस व जाप्ता ने नमूना लेकर उसकी जांच की, जिसमें भांग मिश्रित मुन्नका होना सामने आया। आरोपी रोहित वादवानी (36), निवासी न्यू माली कॉलोनी, टेकरी (हाल संचालक रोहित किराणा स्टोर, किशनपोल) के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 20/54 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 13 अप्रेल को चोरी हुई, अब जाकर दर्ज हुआ मामला, शास्त्री सर्कल पर पान की दुकान से लाखों का माल पार

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 24 अप्रैल। शहर के भूपालपुरा थाना क्षेत्र में चोरों ने फिल्मी अंदाज में वारदात को अंजाम देते हुए पान की दुकान में सेंधमारी कर लाखों का माल साफ कर दिया। घटना शास्त्री सर्कल स्थित एक पान की दुकान की है, जहां अज्ञात बदमाश छत काटकर अंदर घुसे और पूरी दुकान खाली कर फरार हो गए। परिवादी प्रकाश खत्री (ओम पान विक्रेता) ने रिपोर्ट में बताया कि 13 अप्रैल की रात करीब 11:15 बजे से 11:25 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने दुकान की छत काटकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दुकान में रखी महंगी सिगरेट्स सहित अन्य सामान चोरी कर लिया, जिसकी कुल कीमत करीब 3 से 4 लाख रुपए आंकी गई है। घटना की रिपोर्ट 23 अप्रैल को भूपालपुरा थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 305(ए) व 331(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) धर्मेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

# संजय गार्डन के सामने से बाइक चोरी, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 24 अप्रैल। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर संजय गार्डन के सामने खड़ी मोटरसाइकिल को चुराकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, अहमद हुसैन कॉलोनी, मल्लातलाई निवासी सकूर खान (50) ने रिपोर्ट में बताया कि 13 अप्रैल को उनकी मोटरसाइकिल संजय गार्डन के सामने खड़ी थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। घटना की रिपोर्ट 23 अप्रैल को अम्बामाता थाने में दर्ज की गई। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

# मावली में घर में घुसकर नवविवाहित दंपती का अपहरण, हथियारबंद बदमाशों का हमला

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 24 अप्रैल। जिले के मावली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर एक नवविवाहित युवक-युवती का अपहरण कर लिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार, घटना 23 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 2:30 बजे सालेरा खुर्द गांव की है। परिवादिया मांगीबाई ने रिपोर्ट में बताया कि उसका 22 वर्षीय पुत्र देवेंद्र गाडरी अपनी पत्नी के साथ घर पर मौजूद था। दोनों ने आपसी सहमति से नाता विवाह किया था और युवती पिछले करीब दो माह से ससुराल में रह रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, अचानक आरोपी पक्ष के लोग 3 अन्य साथियों के साथ, जिनके चेहरे ढंके हुए थे, लाठी-सरियों से लैस होकर घर में घुस आए। आरोपियों ने परिवार के साथ मारपीट करते हुए देवेंद्र और उसकी पत्नी को जबरन उठाकर बाहर खड़ी काले रंग की कार में डाल दिया और मौके से फरार हो गए। मामले में नरेश पिता हरिराम और उसकी पत्नी लीला सहित अन्य आरोपियों को नामजद किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 191(2), 191(3), 333, 126(2), 74, 140(3), 190 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) बसंतीलाल को सौंपी गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

# कुराबड़ थाना पुलिस की कार्रवाईः स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कुराबड़ थाना पुलिस ने एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं पुलिस उप अधीक्षक (वृत्त गिर्वा) गोपाल चंदेल के सुपरविजन में थानाधिकारी तेजु सिंह के नेतृत्व में टीम ने आसूचना एवं तकनीकी सहयोग के आधार पर कार्रवाई करते हुए फरार स्थायी वारंटी हिरानाथ पुत्र भैरूनाथ निवासी भैसड़ा खुर्द, थाना प्रतापनगर, जिला उदयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से विभिन्न मामलों में फरार चल रहा था, जिसकी तलाश जारी थी। टीम में शामिल अधिकारी व कर्मचारीः तेजु सिंह, थानाधिकारी, कुराबड़ भगवतसिंह, सहायक उप निरीक्षक भुराराम, कांस्टेबल (3108) लोकेन्द्र सिंह, कांस्टेबल (1708)

# कोचिंग जाती युवती से छेड़छाड़ की कोशिश, ट्रैफिक पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**24 न्यूज़ अपडेट**

शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में कोचिंग जा रही एक युवती के साथ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। घटना के दौरान मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मी की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के अनुसार, परिवादी निवासी सवीना ने रिपोर्ट में बताया कि उनकी 22 वर्षीय बेटी कोचिंग के लिए जाती है। आरोप है कि 23 अप्रैल 2026 को शाम के समय कल्याण ज्वेलर्स क्षेत्र के पास कुछ अज्ञात युवकों ने उसका पीछा किया, गंदे शब्दों का प्रयोग किया और हाथापाई की कोशिश की। घबराई युवती किसी तरह वहां से निकलकर देहली गेट सर्कल पहुंची, जहां ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी की मदद ली। पुलिसकर्मी की तत्परता से युवती सुरक्षित बच गई। परिवादी के अनुसार, आरोपी दो युवक सफेद रंग की स्कूटी (नंबर RJ-SZ-5927) पर सवार थे। मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 78(2), 79, 126(2), 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जांच सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) राजेशपाल सिंह को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# तीन हिस्ट्रीशीटर बदमाश पुलिस के शिकंजे में, दर्जनों केसों का खुलासा

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 24 अप्रैल। शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तीन हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस जांच में सामने आया है कि तीनों आरोपियों पर पहले से ही विभिन्न थानों में गंभीर अपराधों के कई मामले दर्ज हैं। थानाधिकारी रतन सिंह चौहान के अनुसार, आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में पाया गया कि जावेद पुत्र मुबारिक हुसैन, निवासी जरीना नगर, किशनपोल के खिलाफ करीब 15 प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, हत्या का प्रयास, लूट, छेड़छाड़ और आर्म्स एक्ट के मामले शामिल हैं। नासिर हुसैन उर्फ मुखियात, निवासी जरीना नगर के खिलाफ करीब 11 प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। तौसीन खान उर्फ नन्ना, निवासी जरीना नगर के खिलाफ भी करीब 15 प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें लूट, चोरी, मारपीट, हत्या का प्रयास और अन्य अपराध शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं और उनके खिलाफ विभिन्न मामलों में न्यायालय में ट्रायल चल रहा है। इस संबंध में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 111(3), 111(4) के तहत कार्रवाई की है। मामले की जांच उप निरीक्षक दिनेश पाटीदार द्वारा की जा रही है।






# निवेश के नाम पर ठगी, लाखों रुपए हड़पने का मामला दर्ज

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 24 अप्रैल। शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति से झांसा देकर रुपए हड़प लिए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आदर्श नगर कॉलोनी, भुवाणा निवासी गजेंद्र शर्मा (37) ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी ने उसे झांसे में लेकर वर्ष 2023 से अब तक अलग-अलग तरीकों से रुपए हड़प लिए। घटना स्थल युको बैंक के पास, सुखेर क्षेत्र बताया गया है। मामले में आरोपी की पहचान तरुण सुहालका, निवासी गारियावास, उदयपुर के रूप में हुई है। आरोप है कि उसने भरोसा जीतकर निवेश/लेनदेन के नाम पर रकम हासिल की और बाद में लौटाने से मुकर गया। पुलिस ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 316(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। रिपोर्ट 23 अप्रैल को दर्ज की गई। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) हरिशचन्द्र को सौंपी गई है, जो पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रहे हैं।

# हाथीपोल पुलिस की त्वरित कार्रवाई, लापता नाबालिग बच्चे को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। शहर के हाथीपोल थाना क्षेत्र में लापता हुए एक नाबालिग को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद जहां परिवार में चिंता का माहौल था, वहीं पुलिस की सक्रियता से मामले का शीघ्र समाधान हो सका। पुलिस के अनुसार बनादिया उद्देश्वर रोड निवासी गणेश लाल गमेती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका 17 वर्षीय पुत्र 18 अप्रैल सुबह करीब 10 बजे चेतक सर्कल स्थित गुरु गोविंद सिंह स्कूल के बाहर बस से उतरने के बाद नाश्ता करने के लिए मोहता पार्क की ओर गया, लेकिन इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बावजूद जब देर शाम तक कोई सुराग नहीं लगा, तो हाथीपोल थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच थानाधिकारी श्रीमती राजु देवी राज के निर्देशन में हेड कांस्टेबल रामखिलाड़ी को सौंपी। जांच के दौरान सामने आया कि नाबालिग हाथीपोल क्षेत्र में उसी दौरान एक बैंड वाले के साथ चला गया, जिसकी बुकिंग अजमेर में थी। उसके पास मोबाइल फोन नहीं होने के कारण परिवार से संपर्क नहीं हो सका। पुलिस टीम ने लगातार तलाश अभियान चलाते हुए नाबालिग का पता लगाया और सुरक्षित उदयपुर लाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई के बाद बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से परिजनों को सौंप दिया गया।

# बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, ताला तोड़ नकदी-जेवरात पार

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 24 अप्रैल। बड़गांव थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए नकदी और जेवरात चोरी कर लिए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार, शिव कॉलोनी, बड़गांव निवासी रामसिंह (28) ने रिपोर्ट में बताया कि 21 अप्रैल 2026 की रात करीब 9:30 बजे के बाद अज्ञात चोरों ने उसके बंद मकान का ताला तोड़ दिया। चोर घर के अंदर घुसे और वहां रखी नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर 22 अप्रैल शाम को बड़गांव थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 305(ए), 331(3) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# आईपीएल टिकट के नाम पर साइबर ठगी का खतरा, राजस्थान पुलिस ने जारी की चेतावनी




**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। क्रिकेट का जुनून अब साइबर ठगों के लिए कमाई का जरिया बनता जा रहा है। आईपीएल 2026 के दौरान टिकटों की भारी मांग के बीच फर्जी वेबसाइट्स और सोशल मीडिया विज्ञापनों के जरिए लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे में राजस्थान पुलिस ने आमजन को सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, साइबर अपराधी असली जैसी दिखने वाली "क्लोन" वेबसाइट्स बनाकर सस्ते टिकट या तत्काल बुकिंग का लालच देते हैं। लोग जैसे ही इन साइट्स पर जाकर भुगतान करते हैं, उनके साथ धोखाधड़ी हो जाती है और टिकट भी नहीं मिलते। राजस्थान पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि टिकट खरीदने के लिए केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म जैसे IPLT20.COM, INSIDER.IN और BOOKMYSHOW का ही उपयोग करें। साथ ही भुगतान से पहले वेबसाइट की स्पेलिंग और "HTTPS" सुरक्षा अवश्य जांचें। पुलिस ने खास तौर पर चेतावनी दी है कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए QR कोड को स्कैन कर भुगतान न करें, क्योंकि यह सीधे आपके बैंक खाते को खाली कर सकता है। राजस्थान पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आमजन की सुरक्षा और उनकी मेहनत की कमाई की रक्षा उनकी प्राथमिकता है। यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 / 9257510100, या CYBERCRIME.GOV.IN पर शिकायत दर्ज कराएं, अथवा नजदीकी पुलिस या साइबर थाने से संपर्क करें। क्रिकेट का रोमांच अपनी जगह है, लेकिन सतर्कता ही आपकी असली जीत है—वरना एक क्लिक में मैच का मजा, नुकसान में बदल सकता है।

# केमिकल टैंकर से माल गायब, व्यापारी से लाखों की धोखाधड़ी

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 24 अप्रैल। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक व्यापारी के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां केमिकल से भरे टैंकर में रास्ते में ही माल खुर्द-बुर्द कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, न्यू माली कॉलोनी, टेकरी निवासी मनीष गढ़वाल (39) ने रिपोर्ट में बताया कि उनकी फर्म से केमिकल टैंकर में भरकर भेजा गया था। आरोप है कि रास्ते में ही टैंकर में भरा माल कम कर दिया गया और इस तरह उसके साथ धोखाधड़ी की गई। मामले में आरोपी की पहचान रामेश्वर लाल अहीर के रूप में हुई है। घटना 13 अप्रैल 2026 की बताई जा रही है, जबकि रिपोर्ट 23 अप्रैल को प्रतापनगर थाने में दर्ज की गई। पुलिस ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 316(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) सुरजमल को सौंपी गई है, जो पूरे प्रकरण की जांच में जुटे हैं।

# सलूंबर में 18 घंटे में दो चचेरी बहनों की मौत, गांव में दहशत; स्वास्थ्य विभाग अलर्ट



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर, 24 अप्रैल। जिले के लसाड़िया क्षेत्र के खजुरी पंचायत स्थित कुंडा गांव में 18 घंटे के भीतर दो चचेरी बहनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से गांव में दहशत का माहौल बन गया है। दोनों बच्चियों को अचानक उल्टी की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें तेज दौरे पड़े और उन्होंने घर पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल अलर्ट मोड में आकर गांव में व्यापक सर्वे शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे आशा (6) पुत्री तेजा मीणा की अचानक तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। परिवार इस सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उसकी चचेरी बहन रूसिया (5) पुत्री समीया मीणा ने भी दम तोड़ दिया। दोनों बच्चियों में उल्टी के बाद दौरे पड़ने जैसे लक्षण सामने आए, जिससे मामला संदिग्ध बन गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन हरकत में आ गया। बीसीएमएचओ डॉ. सिंटू कुमावत ने बताया कि फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक वजह सामने आएगी। रूसिया का पोस्टमॉर्टम करवाया गया है, जबकि आशा का अंतिम संस्कार पहले ही कर दिए जाने के कारण उसका पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। घटना के बाद मेडिकल टीम कुंडा गांव पहुंची और घर-घर जाकर सर्वे शुरू किया। टीम यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं अन्य बच्चे भी इसी तरह के लक्षणों से प्रभावित तो नहीं हैं। कुछ बीमार बच्चों को लसाड़िया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी क्षेत्र के झल्लारा और लसाड़िया इलाके में 1 से 8 अप्रैल के बीच रहस्यमयी बीमारी के कारण 8 बच्चों की मौत हो चुकी है। उन मामलों में भी उल्टी-दस्त जैसे लक्षण सामने आए थे। उस दौरान जयपुर और उदयपुर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमों ने गांवों में पहुंचकर जांच की थी और 500 से अधिक परिवारों का सर्वे किया गया था।

# डॉ. मोहित मचार की संदिग्ध मौत पर उठे सवाल, पूर्व छात्र संघ ने सौंपा ज्ञापन




24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। जिले के डॉ. मोहित मचार की संदिग्ध मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय पूर्व छात्र संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। जानकारी के अनुसार, 28 वर्षीय डॉ. मोहित मचार, निवासी ग्राम छोटा डूंगरा, अपने एक मित्र के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए पीपलखूंट क्षेत्र के बोरि गांव गए थे। वहां से वे रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों और पुलिस की तलाश के बाद 19 अप्रैल 2026 को उनका शव बोरि गांव के एक कुएं में मिला। इस घटना के बाद मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पूर्व छात्र संघ ने इस मामले को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि यह सामान्य हादसा नहीं प्रतीत होता, इसलिए इसकी गहन और निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। फिलहाल इस मामले की जांच पीपलखूंट थाना पुलिस द्वारा की जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि मामले की त्वरित जांच कर दोषियों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में पूर्व छात्र मौजूद रहे। सभी ने डॉ. मोहित मचार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई। ज्ञापन की प्रतियां जिला कलेक्टर सहित बांसवाड़ा एवं प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षकों को भी भेजी गई हैं, ताकि जांच में दोनों जिलों के बीच समन्वय बना रहे।

# 22 पुलिस थानों के 102 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध अफीम डोडा चूरा, गांजा व अन्य मादक पदार्थ को पुलिस ने किया नष्ट

24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा । आईजीपी रेंज उदयपुर के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत जिले के 22 पुलिस थानों में जब्तशुदा अवैध डोडाचूरा, गांजा व अन्य नशीले पदार्थों को न्यायालय से भौतिक सत्यापन व निर्णय के बाद शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्री मनीष त्रिपाठी की उपस्थिति में जिला औषधि व्ययन समिति द्वारा निंबाहेड़ा स्थित वंडर सीमेंट प्लांट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा 199 क्विंटल से अधिक अवैध डोडाचूरा, गांजा, चरस, स्मैक व एमडीएमए को नष्ट किया गया । पुलिस अधीक्षक श्री मनीष त्रिपाठी ने बताया कि, जिले के पुलिस थानों के मालखाना एनडीपीएस एक्ट में जब्तशुदा मादक पदार्थों व वाहनों की वजह से लबालब भरे पड़े हुए हैं, जिससे अन्य जब्तशुदा मालों के रखने की समस्या आ रही थी। आईजीपी रेंज उदयपुर के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत माल निस्तारण और थाने को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय की कार्य प्रणाली शाखा द्वारा संबंधित थानाधिकारियों से माल के निस्तारण के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त कर रिकॉर्ड तैयार किया गया।

उक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मनीष त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह, डीवाईएसपी बेगूं अंजलि सिंह,डीवाईएसपी निंबाहेड़ा बद्रीलाल, डीवाईएसपी भदेसर विनोद कुमार, पुलिस निरीक्षक जोधाराम, थानाधिकारी सदर निंबाहेड़ा संजय शर्मा सहित संबंधित 22 थानों के थाना प्रभारी एवं मालखाना प्रभारी व कार्यप्रणाली शाखा प्रभारी एएसआई मनोज कुमार एवं कार्यालय के कर्मचारियों आदि की उपस्थिति में आवश्यक रिकॉर्ड मिलान करने के बाद मादक पदार्थों का वजन किया गया तथा संबंधित मालों के वजन करने व नष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो इसके लिए सम्पूर्ण कार्यवाही के समय फोटोग्राफी व विडियोग्राफी करवाई गई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के थाना चंदेरिया,पारसोली, सदर निंबाहेड़ा, मंगलवाड़, बिजयपुर, गंगरार, रावतभाटा,शंभुपुरा, राशमी, बस्सी,डुंगला, सदर चित्तौड़गढ़, निकुंभ, कोतवाली निंबाहेड़ा, बेगूं, जावदा, कपासन,कनेरा, भैंसरोड़गढ़, भदेसर, भादसोड़ा व कोतवाली चित्तौड़गढ़ कुल 22 पुलिस थानों में दर्ज कुल 102 प्रकरणों में से 84 प्रकरणों में अवैध मादक पदार्थ 193 क्विंटल 86 किग्रा डोडा चूरा, 8 प्रकरणों में 556 किलो 733 ग्राम गांजा, एक प्रकरण में 6 किलो 920 ग्राम गीले डोडे, एक प्रकरण में 63 ग्राम चरस,एक प्रकरण में 39 ग्राम स्मैक व 07 प्रकरण में 5 किलो 646 ग्राम एमडीएमए को जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान तस्करों के कब्जे से जब्त किया गया था। उक्त सभी 102 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थो को जिला औषधि व्ययन समिति चित्तौड़गढ़ द्वारा वंडर सीमेंट के अधिकारियों पूर्णकालिक निदेशक परमानन्द पाटीदार, इकाई प्रमुख नितिन जैन, मुख्य सुरक्षा अधिकारी नगेंद्र सिंह चुंडावत, प्रशासन प्रमुख अखिलेश शाकद्वीपी,सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह,एएफआर प्रमुख अभिषेक रामदेव, पर्यावरण विभाग राहुल बंसल,इकाई प्रमुख के निजी सहायक पुलकित खमेसरा एवं अन्य टीम की उपस्थिति में शुक्रवार को निंबाहेड़ा स्थित वंडर सीमेंट प्लांट की कीलन में जलाकर नष्ट किया गया।

# सनातन धर्म मंदिर में 26 अप्रैल को सिंधी समाज की आमसभा, त्रिवर्षीय चुनाव होंगे




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सिंधी समाज (शिकारपुर) की वार्षिक आमसभा एवं आगामी तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी के चुनाव का आयोजन रविवार, 26 अप्रैल 2026 को शक्तिनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें समाज की प्रगति और संगठनात्मक ढांचे को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। महासचिव हीरानंद चैनानी ने बताया कि बैठक का मुख्य आकर्षण त्रिवर्षीय चुनाव प्रक्रिया रहेगी, जो निर्वाचन अधिकारी विशन दास देवानी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न होगी। चुनाव के माध्यम से समाज के भविष्य की दिशा तय करने के लिए नई टीम का चयन किया जाएगा। आमसभा में समाज के रीति-रिवाजों में आवश्यक संशोधन एवं उनकी समीक्षा पर भी चर्चा की जाएगी। विभिन्न पंचायतों के सामूहिक परंपराओं में बदलाव को लेकर उपस्थित सदस्यों के सुझाव लिए जाएंगे, ताकि समयानुकूल एवं सुदृढ़ व्यवस्था विकसित की जा सके। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष सुखराम सिंह बालचंदानी पिछले तीन वर्षों में किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, वहीं कोषाध्यक्ष मनोहर नागदेव आय-व्यय की ऑडिट रिपोर्ट सदन के समक्ष रखेंगे और अनुमोदन प्राप्त करेंगे। सभा की शुरुआत में अध्यक्ष सुखराम सिंह बालचंदानी द्वारा सभी आमंत्रित सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। महासचिव हीरानंद चैनानी कार्यक्रम के संचालन में भूमिका निभाएंगे, जबकि निर्वाचन प्रक्रिया का दायित्व विशन दास देवानी संभालेंगे। सभा के अंत में समाज के वरिष्ठ सदस्यों एवं आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। सत्र के समापन के पश्चात सभी सदस्यों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया है, जो समाज के आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप को बढ़ावा देने का एक माध्यम बनेगा।

# विप्र फाउंडेशन की पहल: विद्यार्थियों के लिए विषय चयन पर निःशुल्क सेमिनार 25 अप्रैल को

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। विप्र फाउंडेशन के शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ की ओर से कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विषय एवं संकाय चयन को लेकर 25 अप्रैल को निःशुल्क सेमिनार आयोजित किया जाएगा। यह सेमिनार विद्यार्थियों को कक्षा 11 एवं 12 के बाद सही विषय चयन और करियर दिशा तय करने में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेगा। कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, रोजगार संभावनाओं और भविष्य के उभरते क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सेमिनार में विद्यार्थियों की रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुसार उचित विषय चयन पर विशेष जोर रहेगा, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकें। शिक्षा प्रकोष्ठ के सचिव गणेश नागदा ने बताया कि यह निःशुल्क सेमिनार 25 अप्रैल, शनिवार को सायं 4 बजे निम्बार्क बी.एड. कॉलेज में आयोजित होगा। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ. एच. आर. दवे होंगे, जो करियर परामर्शदाता होने के साथ विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भी हैं। उनके साथ कला, विज्ञान, कौशल विकास एवं वाणिज्य संकाय के अनुभवी विशेषज्ञ भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे। सेमिनार के पश्चात विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत परामर्श सत्र भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें चिकित्सक, अभियंता, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिव, प्रतियोगी परीक्षा विशेषज्ञ, पैरामेडिकल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकी विशेषज्ञ, पॉलिटेक्निक, विधि एवं शिक्षण क्षेत्र के पेशेवर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में डॉ. एच. आर. दवे, डॉ. बी. एस. व्यास, प्रणय जानी, राजेश पालीवाल, मुकेश पालीवाल, नीरज नागदा, दिनेश शुक्ला, दीप्ति मेनारिया, डॉ. जे. पी. श्रीमाली एवं लोकेश पालीवाल सहित कई पदाधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# गादोला विद्यालय में औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

24 न्यूज अपडेट

गादोला राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (GGUPS) गादोला में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरविंद मूंदड़ा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड डे मील योजना के अंतर्गत अन्नपूर्णा कक्ष की स्वच्छता, कुक-कम-हेल्पर के कपड़ों एवं नाखूनों की सफाई, अन्न भंडारण की स्थिति, भोजन की गुणवत्ता तथा बर्तनों की स्वच्छता का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही पोषाहार से संबंधित सभी रिकॉर्ड की भी गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने स्वयं बच्चों को भोजन परोसा और भोजन मंत्र के साथ बच्चों के बीच बैठकर भोजन का स्वाद एवं गुणवत्ता परखी। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए। विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों का उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह का माहौल देखा गया। इसके अतिरिक्त, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों के शैक्षिक स्तर की भी जांच की गई और शिक्षकों को गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह निरीक्षण विद्यालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और शिक्षा व पोषण के स्तर को बेहतर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# चित्रगुप्त महाराज का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया, पंचकुण्डीय यज्ञ व भजन-कीर्तन आयोजित




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 24 अप्रैल 2026। श्री चित्रगुप्त सभा (माथुर समाज) उदयपुर द्वारा आराध्य देव चित्रगुप्त महाराज का प्रकटोत्सव दिवस सभा भवन में हर्षोल्लास के साथ उत्सव स्वरूप मनाया गया। इस अवसर पर श्री चित्रगुप्त महाराज की प्रतिमा का सदस्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ दुग्धाभिषेक किया गया तथा नई पोशाक धारण कर मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया। समाज के अध्यक्ष भुवनेश्वर माथुर ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए बताया कि यह उत्सव पिछले चार वर्षों से लगातार मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में एकता, सामंजस्य, सहयोग, आपसी सम्मान और संस्कार ही समाज को संगठित एवं प्रगतिशील बनाते हैं। उत्सव के दौरान मंदिर प्रांगण में पंचकुण्डीय हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया, जिसमें समाज के अनेक दंपत्तियों व सदस्यों ने आहुति देकर धार्मिक आस्था का लाभ लिया। यज्ञ को विधिपूर्वक सम्पन्न कराने में नरेन्द्र प्रसाद माथुर एवं समिति का विशेष सहयोग रहा। हवन-यज्ञ के पश्चात अमिता माथुर, कमला माथुर, सुनीता माथुर, सुधा माथुर, दुलारी माथुर, साधना माथुर, मूमल माथुर, विभा माथुर, राजेश माथुर, गणेशबाला माथुर, अनुराधा माथुर, डॉ. निधि माथुर एवं पूजा माथुर द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर अनुवाक माथुर का जन्मदिन भी संस्कारपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ कार्यकारिणी एवं मनोनीत सदस्यों—गंभीर शरण माथुर, शक्ति नारायण माथुर, ओमप्रकाश माथुर, शक्ति प्रकाश माथुर, केदारनाथ माथुर, आनंद माथुर, डॉ. ओम दत्त माथुर, प्रेमबिहारी माथुर एवं प्रदीप माथुर सहित अनेक जन उपस्थित रहे और सभी का उत्साहवर्धन किया। उत्सव को सफल बनाने में जगदीश नारायण, सुनील, अरविन्द, गोविन्द माथुर, रविन्द्र प्रसाद माथुर, सुधीर माथुर, कुलदीप माथुर, गौरव माथुर सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मुख्य सचिव दिनेश माथुर द्वारा व्यक्त किया गया। अंत में उपस्थित समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण कर धार्मिक लाभ प्राप्त किया।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक पर भाजपा का कांग्रेस पर हमला, महिलाओं के अपमान का आरोप

24 न्यूज अपडेट


सलूंबर, 24 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी उदयपुर देहात ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस और विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि संसद में विपक्ष के व्यवहार से नारी जाति का अपमान हुआ है। सलूंबर विधायक शांता देवी मीणा ने कहा कि संसद में विपक्षी नेताओं का रवैया महिलाओं के सम्मान के खिलाफ था। उन्होंने कहा कि सदन में जिस प्रकार से हंसी, ताली और उपहास किया गया, वह नारी शक्ति का अपमान दर्शाता है। भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में प्रतिनिधित्व देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था, लेकिन विपक्ष की नकारात्मक सोच के कारण इसमें बाधाएं उत्पन्न हुईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसे अंतिम रूप तक पहुंचाया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी देश की आधी आबादी को हाशिए पर धकेलना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने नारी सशक्तिकरण के प्रयासों को कमजोर किया है और उनका महिला विरोधी चेहरा एक बार फिर उजागर हुआ है। भाजपा नेताओं ने कहा कि इस मुद्दे को देश की महिलाएं लंबे समय तक याद रखेंगी।

# उदयपुर में 5 मई को फतह स्कूल परिसर में रोजगार मेला

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 24 अप्रैल। उदयपुर में युवा संबल मेला 5 मई को सूरजपोल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक फतह विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। राजस्थान सरकार के कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा संबल मेले को लेकर जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में व्यापक तैयारियां चल रही हैं। इस मेले में केंद्र और राज्य सरकार की 14 प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं को एकीकृत किया गया है। मेले में रोजगार एवं प्रशिक्षण से जुड़ी इंटर्नशिप स्कीम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम का लाभ मिलेगा। वहीं ऋण एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और डॉ. बी.आर. अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, आरसेटी और राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के विभिन्न कार्यक्रमों को एकीकृत किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकें। युवा संबल मेला सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इसमें स्थानीय और अन्य राज्यों के प्रतिष्ठित नियोजक शामिल होकर रिक्तियों की जानकारी देंगे और पात्र आवेदकों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे। युवा संबल मेले में भाग लेने के लिए युवा विभागीय पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। कार्यक्रम स्थल पर भी पंजीकरण और मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिला कलक्टर ने युवा संबल मेले को सफल बनाने के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा उपनिदेशक संभागीय रोजगार कार्यालय मुकेश गुर्जर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# भगवान महावीर के 2583वें केवलज्ञान कल्याणक पर तीन दिवसीय महोत्सव कल से



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 24 अप्रैल। भगवान महावीर के 2583वें केवलज्ञान कल्याणक एवं जैन शासन स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय शासन समर्पण महोत्सव का आयोजन कल से शुरू हो रहा है। यह आयोजन श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में प्रन्यास प्रवर निरागरत्न की निश्रा में किया जा रहा है। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि शनिवार 25 अप्रैल को फतहसागर पाल पर सायं 7:15 बजे से "म्हारा वीर नो शासन गाजे" परमात्मा भक्ति एवं संवेदना कार्यक्रम आयोजित होगा। रविवार 26 अप्रैल को उदयपुर में विराजित समस्त साधु-साध्वी भगवंत की निश्रा में 2583 फीट लंबी जैन शासन पताका के साथ भव्य ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा प्रातः 6:15 बजे फतहसागर पाल से प्रारंभ होकर पद्मनाथ स्वामी जिनालय जैन तीर्थ, चौगान मंदिर तक पहुंचेगी। इसके पश्चात धर्मसभा एवं नवकारसी का आयोजन होगा। महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार 27 अप्रैल को आयड़ जैन तीर्थ पर सुबह 7:15 बजे शासन ध्वज वंदना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।